## संक्षिप्त

### 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के सहायक अभियंता भावेश गुप्ता एवं फीडर इंचार्ज लक्ष्मीकांत कुमावत से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह 7 से दोपहर 11 बजे तक 132 केवी जीएसएस जालपाली श्रीमाधोपुर में रखरखाव व मरम्मत कार्य करने के लिए 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी तथा इनके अधीन आने वाले जीएसएस तीजावाला जोहड़ा, श्रीमाधोपुर डेरारामसागर की ढाणी, निमड़ावाली, खेड़ी, मऊ, बागरियावास, नांगल, पृथ्वीपुरा, होल्याकाबास व इनके आस पास के गांव व ढाणियों कि विधुत आपूर्ति बंद रहेगी ।

### सुबह 8 से 12 बजे तक बिजली बाधित

**पावटा**, (निसं)। बिजली निगम द्वारा आज सुबह 8 बजे से 12 बजे तक से 132 केवी सब स्टेशन लाडाकाबास में आवश्यक मरमत का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता पावटा कपिल शर्मा ने बताया कि मरमत कार्य के चलते पावटा, खेलना, भोनावास, मंढा, कारोली, बडनगर, तुलसीपुरा सब स्टेशनों पर विधुत आपूर्ति मरमत कार्य को लेकर बाधित रहेगी।

### राजेंद्र को अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा

**राजगढ़**, (निसं)। नगर पालिका राजगढ़ में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक ने पार्षद राजेंद्र चेयरवाल को अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपने के आदेश दिए हैं। इधर करीब दो माह से खाली पड़े अध्यक्ष पद पर राजेंद्र चेयरवाल अध्यक्ष बनने की सूचना पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इससे पूर्व 24 जुलाई 2023 को अध्यक्ष एवं सदस्य पद से सतीश दुहांरिया को निदेशक स्वायत्त शासन विभाग ने निलंबित किया था।

### 15 वर्षीय बालक गुमशुदा, मामला दर्ज

**कोटपूतली**, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना क्षेत्र के ग्राम देवता में एक 15 वर्षीय किशोर के गुमशुदा होने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पनियाला थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार देवता की ढ्राणी करणसागर निवासी वीर सिंह पुत्र चिरंजी लाल यादव ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि उसका लड़का अंकित विगत 21 सितम्बर की अल सुबह करीब 4 बजे घर से शौच के लिए बाहर खेतों में गया था जो वापस नहीं लौटा। जिसको लेकर आसपास व सभी जगह एवं रिश्तेदारियों में तलाश करने पर भी पता नहीं चला।

# चोरों ने एक ही रात में तीन मकानों को बनाया निशाना

**कोटपूतली**, (निसं)। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के गठन के बाद पुलिस एसपी की तैनाती होने पर कानून व्यवस्था के सुधरने की उम्मीद की जा रही थी, किन्तू क्षेत्र में क्राइम कन्ट्रोल नहीं हो रहा है।

- लाखों के जेवरात सहित नकदी की पार
- दस दिनों में खुलासा नहीं हुआ तो थाने का घेराव करने की चेतावनी

क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि विगत दिनों निकटवर्ती ग्राम अमाई में एक पूर्व सैनिक के घर हुई लाखों के जेवरात व नकदी चोरी की वारदात को पुलिस खोल भी नहीं पाई, वहीं दूसरी ओर गुरूवार रात्रि को निकटवर्ती ग्राम पनियाला में चोरों ने एक साथ तीन मकानों पर धावा बोलते हुए करीब 30 लाख रूपयों के जेवरात व नकदी पार कर ले गये। इतना ही नहीं विगत लगभग एक वर्ष में कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में हुई दर्जनों वारदातों का खुलासा करने में क्षेत्र की पुलिस नाकाम साबित हुई है।



आक्रोशित ग्रामीणों ने पनियाला थाने पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया।

बता दें कि बेखौफ चोरों ने ग्राम पनियाला निवासी विशम्भर दयाल पुत्र छाजुराम, छीत्तर पुत्र जयराम व मानसिंह गुर्जर के घर से लाखों रूपयों के आभूषण एवं लीलाराम पुत्र रामस्वरूप के घर से 15 हजार रूपयों की नकदी पार कर ली। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पनियाला थाने पहुंचकर अज्ञात चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया। वहीं सूचना पर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना भी पनियाला थाने पर पहुंच गये। जहां ग्रामीणों ने कसाना की अगुवाई में सांकेतिक धरना दे दिया। पूर्व संसदीय सचिव कसाना ने कहा कि पुलिस कानून व्यवस्था सुधारने एवं लूट व चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की बजाय वसूली में व्यस्त है। गृह राज्यमंत्री का क्षेत्र होने के बावजूद भी इस तरह की वारदातें लचर कानून व्यवस्था की ओर ईशारा करती है। ऐसी कई घटनायें है जिनका आज तक खुलासा नहीं हुआ, यह पुलिस गश्त व उनकी कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है। हालांकि कार्यवाहक एसएचओ ने जल्द से जल्द घटना के खुलासे व गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया। पूर्व संसदीय सचिव कसाना ने चेतावनी देते हुए कहा कि दस दिनों के भीतर यदि मामले का खुलासा नहीं हुआ तो थाने का घेराव करेंगे।

## जल पंचायत का आयोजन 25 से

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। सुजलाम संस्थान श्रीमाधोपुर के द्वारा क्षेत्र विभिन्न गांवों में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जल पंचायत का आयोजन किया जाएगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से गांधी जयंती तक सुजलाम संस्थान के संयोजक डॉ. योगेश यादव के नेतृत्व में श्रीमाधोपुर एवं अजीतगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में जल पर समाज व सरकार की भूमिका विषय पर जनसंवाद कार्यक्रम रखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाएगी।

डॉ. कविता यादव ने बताया कि विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के सामूहिक प्रयास से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पेयजल के लिए कुंभाराम लिफ्ट योजना के लिए जून 2023 में लगभग 8 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति को लेकर प्रधानमंत्री का आभार ग्राम गांव में किया जाएगा।

डॉक्टर कविता यादव ने कहा कि आगामी दिनों में राजस्थान के सीकर, झुंझुनू व नीमकाथाना जिले के लिए हरियाणा आवंटित जल के लिए हरियाणा सरकार पर दबाव डालने के साथ, वंचित क्षेत्रों में नहर की व्यवस्था तथा गंगा नदी के बाढ़ से बाढ़ के जल को सिंचाई में उपयोग लाने के लिए जन आंदोलन की भूमिका तय की जाएगी।

## मां शाकम्भरी की 24 वीं पदयात्रा रवाना

**फुलेरा**, (निसं)। स्थानीय सियाराम बाबा की बगीची से शुक्रवार को प्रातः 10 बजे मां शाकम्भरी की 24 वीं विशाल पदयात्रा गाजे बाजे के साथ समाजसेवी तेजकरण सैनी के नेतृत्व में रवाना हुई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महन्त त्रिलोकी दास महाराज रहे। विशिष्ट अतिथि नगर भाजपा मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, फुलेरा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर चन्द सैनी,पार्षद सरदार चौधरी, पूजा भाटी, ताराचन्द सैनी, धर्मेन्द्र सैनी, यतेन्द्र झाँकड़ा, कन्हैया लाल यादव रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों का माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया।

तत्पश्चात विशेष पूजा अर्चना के साथ महन्त त्रिलोकी दास के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर पदयात्रा को रवाना की गई।

इस दौरान सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे। वहीं क्षेत्र में पदयात्रा का जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।


**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय पंचायत समिति सांभरलेक, जयपुर**

क्रमांक-पंससा/लेखा/टेन्डर/2023-24/425 दिनांक- 21.09.2023

**निविदा सूचना**

पंचायत समिति सांभर लेक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 03 कम्प्यूटर ऑपरेटर (मय विथ मशीन) के लिए निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाए आमंत्रित की जाती है। पंचायत समिति मुख्यालय पर निविदा दिनांक 29.09.2023 को प्रातः 11.00 बजे तक बची जाकर दोपहर 02.00 बजे तक ऑफलाईन जमा करवाई जा सकेगी। प्राप्त निविदाए उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे पंचायत समिति में उपस्थित सदस्यों एवं निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट https://www.sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**NIB : ZJP2324A1062 UBN: ZJP2324SSOB01802**

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सांभरलेक



**कार्यालय पंचायत समिति सांभरलेक (जयपुर)**

क्रमांक-पंससा/लेखा/नीलामी/2023/421 दिनांक-21.09.2023

**हड्डी ठेका नीलामी सूचना 02/2023-24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पंचायत समिति सांभरलेक की अधीनस्थ 21 ग्राम पंचायतों के क्षेत्राधिकार में मृत मवेशियों की हड्डिया उठाने की खुली बोली से दिनांक 29.09.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक अमानत राशि जमा करवाकर उसी दिन पंचायत समिति कार्यालय परिसर में ठेका/नीलामी की जायेगी। निविदा की विस्तृत जानकारी/शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**NIB No. ZJP2324A1061 UBN No ZJP2324WSOB01801**

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सांभरलेक


## पुलिस की मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित

**टोंक**, (निसं)। पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने पुलिस लाइन कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधिकारियों की क्राइम बैठक लेते हुए आगामी त्योहारों व चुनावों के मध्यनजर पुलिस द्वारा उठाये जा रहे कदमों के सम्बन्ध में प्रेस को भी अवगत कराया। पुलिस कप्तान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पुलिस चाकचौबंध हो चुकी है।

जिसके लिए असामाजिक तत्वों, बजरी/भू माफिया, अवैध मादक पदार्थों वाले, हिस्ट्रीसीटरों के खिलाफ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। जितने पेंडिग प्रकरण हैं उन पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है, क्षेत्र में चुनाव शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो, इसके लिए 6 हिस्ट्रीसीटरों को गिरफ्तार भी किया गया है एवं कई अपराधियों को पाबन्द भी किया गया है। पुलिस कप्तान ने बताया कि इस सम्बन्ध में आमजन को भी जागरूक बनाये रखने के लिए एक व्हाट्सएप नम्बर व पोस्टर जारी किया गया है, जिससे आमजन की नजर में भी अगर कोई अपराधिक गतिविधि नजर आती है तो वह तत्काल पुलिस को सूचित कर सकती है, उन्होंने यह भी कहा कि आमजन अपवाहों पर ध्यान न दे, पुलिस आपके साथ है। साथ ही अपराधिक प्रवृति के लोगों द्वारा बनाई गई अवैध सम्पति को लेकर आयकर एवं सेल्स टेक्स विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

# हिंदू धर्म को अपमानित करने का काम गहलोत सरकार ने किया है : सावंत

- भाजपा की संकल्प परिवर्तन यात्रा किशनगढ़ बास के बीबीरानी में पहुंची
- गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, सांसद महंत बालक नाथ ने सभा को संबोधित किया

**किशनगढ़ बास**, (निसं)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रतिपक्ष उपनेता सतीश पूनिया, विधानसभा प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, सांसद महंत बालक नाथ योगी ने किशनगढ़बास के बीबीरानी पहुंची संकल्प परिवर्तन यात्रा की सभा में पूर्व विधायक रामहेत यादव के समर्थन में आई 15 हजार से अधिक की भीड़ को संबोधित किया और राजस्थान प्रदेश के कांग्रेस सरकार से लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर हमला बोला।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेकर कहा राजस्थान में पूरी तरह से लाइन ऑर्डर का सत्यानाश कर रखा है। 19 बार पेपर रद्द करने का राजस्थान में रिकॉर्ड बनाया। चुनाव से पहले जो वादे किए एक भी पूरा नहीं किया। हिंदू धर्म को अपमानित करने का काम गहलोत सरकार ने किया है। उन्होंने कहा सनातन हिंदू धर्म का नाश करने का काम गहलोत ने किया है। राजस्थान में मंदिर पर बुलडोजर चला, पुजारी साधु का राजस्थान में खून हुआ, दलित पिछडा वर्ग के लोगों पर रोज अत्याचार हुए, राजस्थान में नल से जल पहुंचाने कि केंद्र की योजना में कांग्रेस ने घोटाले किए यह घोटालेबाज और होर्डिंग वाली सरकार है। सावंत ने कहा राजस्थान में कमल की लहर आ गई है और परिवर्तन होने वाला है। सावंत ने दोनों हाथ खड़े कराकर कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया और भारत माता की जय घोष के नारे लगाए।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने कांग्रेस के विधायक भारत सिंह कुंदनपुर की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लिखित चिट्ठी लोगों को पढ़कर सुनाई और जमकर कांग्रेस सरकार और अशोक गहलोत पर निशाने साधते हुए कहा सरकार ने 5 साल झगड़े में बिता दिए और कहते हैं घर का झगड़ा है। राजस्थान की बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर पूनिया ने कहा पुलिस की गाडी के टायर चोर खोले गए यह जयपुर की घटना है अस्पताल में चूहे ने मरीज को कुतर दिया है यह जोधपुर के अस्पताल में हुआ जयपुर सांगानेर अस्पताल में कुत्ते ने एक नवजात शिशु बालक को नोच दिया। भूख से रोटी मांगने वाली की इज्जत ले ली यह जोधपुर की घटना है कर्ज से तंग आकर सोहनलाल ने आत्महत्या कर ली पेपर लीक पर कन्हैयालाल ने पिता को पत्र लिखा ऐसी अनेकों घटनाएं राजस्थान में हुई है। पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत पर हमला बोला और कहा सचिवालय में सोने के बिस्किट मिलते हैं आज तक पता नहीं चल सका किसके हैं। पूनिया ने पूर्व विधायक रामहेत यादव की प्रशंसा की और एक सच्चा जन सेवक होने की उपाधि दी।

प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने खैरथल तिजारा बनाए गए जिले पर तंज कसा और कहा 35 किलोमीटर का तिजारा खैरथल में अंतर है। मैंने पूछा जिला कहां चल रहा है तो बताया की कृषि भवन में बने 12 कमरों के अंदर चल रहा है। राठौड ने गहलोत को सपनों का सौदागर बताया और कहा जिले बनाने की कला है जादूगर हैं। राठौड ने विधायक दीपचंद खेरिया पर हमला बोला और कहा हाथी मेरे साथी को जनता ने चुनकर भेजा था। हाथ का साथी बन गया। मुख्यमंत्री के विजन 2030 को लेकर राठौड ने कहा गहलोत ने 2023 को खुद नहीं छोड दिया है। 15 दिन बाद सरकार का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा, आचार संहिता लग जाएगी। सांसद महंत बालक नाथ योगी ने भी कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर हमला बोला। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने यात्रा के साथ पहुंचे गोवा सीएम सहित प्रदेश में राष्ट्रीय नेताओं का सम्मान किया ।

सड़क के दोनों ओर खड़े दो दर्जन से अधिक बुलडोजर पर कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन यात्रा रथ में सवार गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भाजपा प्रदेश नेता राजेंद्र राठौड सतीश पूनिया सांसद महंत बालक नाथ योगी एवं पूर्व विधायक रामहेत यादव का पुष्प वर्षा कर गर्म जोशी के साथ भारत माता की जय घोष के साथ स्वागत किया गया।

इस दौरान सांसद सीआर चौधरी, भाजपा नेता अजय पाल सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री हेमसिंह भड़ाना पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल पूर्व विधायक मामन सिंह यादव रामकिशन मेघवाल खेमचंद घामाणी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खैरथल व भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक डाटा नगर पालिका तारामणि सिंघल आदि मौजूद रहे।


**पर्यावरणीय स्वीकृति मिलने के लिए आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ.1533 दिनांक 14/09/2006 के प्रावधानों के अंतर्गत मैं. नेशनल लाईम स्टोन कम्पनी प्रा. लि. के प्रस्तावित विस्तार **M.L. No. 259/94 (R) (Old 271/81), M. L. Area- 96.25 ha, Block I 34.32 ha, Block II 35.93 ha & Block III- 26.00 ha, Proposed Production Capacity- 66,76,900 TPA (ROM) (Mineral Limestone 16,12,050 TPA and Mineral Masonary Stone- 37,78,325 TPA and Mineral Dolomite & 9,72,400 TPA and Mineral Marble & 3,14,125 TPA) along with proposed crusher plant (3 numbers of 9000 TPD and 2 numbers of 3000 TPD) and proposed M-sand plant 3000 TPD including crushing of mineral and its further processing in mineral beneficiation plant Located Near Village- Ajitpura, Kujota and Bhainslana, Tehsil-Kotputali and Paota, District - Jaipur (Rajasthan) by M/s National Limestone Company Private Limited (Proposal No. 426681)** के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति, राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण **(SEIAA)**, राजस्थान द्वारा क्रमांक **F1 (4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/ Project/ Cat.B1(a) &2(b) (23165)/ 2021-22** दिनांक **18.09.2023** को प्रदान की गयी है जिसकी **EC Identification No.:- EC23B007RJ121737** है एवं इसकी कॉपी भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की वेबसाइट **Parivesh.nic.in** पर भी उपलब्ध है ।


# चिकित्सा मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया

**लालसोट**, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा शुक्रवार को श्रीमा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एवं बिनोरी ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए बने भवन का फीता काट कर लोकार्पण किया गया।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर पलटवार करते हुए कहा कि पिछले 5 साल के भाजपा शासन में केवल 60 उप स्वास्थ्य केंद्र ही बने थे। लेकिन कांग्रेस सरकार के समय 1750 उप स्वास्थ्य केंद्र खोले गए जिन पर 4 हजार करोड्ड.रुपए खर्च किए। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि राजस्थान प्रदेश पहला राज्य है जो चिरंजीव स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा देता है। एक करोड़ से भी ज्यादा परिवारों को चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए सालाना करीब ढाई हजार करोड रुपए सरकार बीमा योजना के प्रीमियम के रूप मे ज्यादा जमा कराती है। मीणा ने कहा कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का सरकारी अस्पतालों के अलावा निजी अस्पतालों में हार्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का 25 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज मिल रहा है।

लालसोट विधानसभा क्षेत्र सहित पूरा प्रदेश चिकित्सा क्षेत्र के मामले में मॉडल के रुप में विकसत हुआ है, मौजूदा समय में लालसोट विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों पर कलर एक्सरे कलर सोनोग्राफी सीबीसी जैसी अत्याधुनिक जांच उपकरण मोजूद है। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों को बाहर नहीं रहना पड़े इसके लिए उनके आवास के लिए 84 लाख रुपए भी स्वीकृत कराए गए है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने बिनोरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए भामाशाहों द्वारा दान दी गई जमीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्यों के लिए लोगों को आगे आना चाहिए ताकि सरकारी विकास ज्यादा गति से धरातल पर उतर सके। इस लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रधान नाथूलाल मीणा श्रीमा सरपंच दिलखुस मीना सरपंच एरता बैरवा जीतू बिनोरी छोटू पुजारी धर्मराज प्रकाश चंद धर्मपाल रमेश रामकेश लोकेश वीपी सिंह श्याम सुंदर आदि ग्रामीण लोग व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मालपुरा के दांताजी मेले में आस्था का सैलाब उमड़ा

**मालपुरा**, (निसं)। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के मोर थाना अन्तर्गत दांताजी में देवनारायण बोहरा भैरू धाम पर आयोजित मेले में शुक्रवार को आस्था का सैलाब उमड़ा।

हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नी व बिल्स इंटरनेशनल स्कूल टोडारायसिंह निदेशक राधा चौधरी ने कहा कि, मेले हमारी भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म की पालना के साथ-साथ युवा पीढी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। आधुनिक चकाचौंध में डूबे युवा वर्ग आज धीरे-धीरे संस्कृति व संस्कारों के साथ-साथ सनातन धर्म से विमुख होता जा रहा है।

ऐसे में धार्मिक स्थलों पर आयोजित मेले व लोकदेवताओं के मंदिरों में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा युवा पीढी को भागीदार बनाने की आवश्यकता है।

राधा चौधरी ने हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा लाये महिला आरक्षण बिल को लेकर बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं से बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी की विधानसभा चुनाव से पूर्व व्यस्तता के चलते राधा चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र की कमान संभाली है। ग्रामीणों की ओर से राधा चौधरी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसी क्रम में कुराड में वीर तेजा नवयुवक मंडल व ग्रामीणों की ओर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए राधा चौधरी ने खिलाडियों का उत्सावर्धन किया। तो खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए स्वस्थ शरी व स्वस्थ मस्तिष्क निर्माण के लिए जरूरी बताया। राजपुरा बास में बालाजी कबड्डी क्लब द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का फीता काट शुभारम्भ किया गया।


**कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली ( राज. )**

क्रमांक:-न.प.हि./15802 दिनांक: 21.09.2023

**लोक सूचना**

| क्र.सं. | नाम | पता |
|---|---|---|
| 1. | श्री विजय सिंह पुत्र श्री रेती लाल | हिण्डौन सिटी |
| 2. | श्री हरदम सिंह पुत्र श्री रेती लाल | हिण्डौन सिटी |
| 3. | श्री रूप सिंह पुत्र श्री रेती लाल | हिण्डौन सिटी |

ने कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

| क्र.सं. | जिला एवं तहसील | ग्राम/कस्बा का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (है./ऐयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करौली/हिण्डौन | हिण्डौन सिटी | 3493/1<br>3497/1<br>3515/1 | 0.37,<br>0.18,<br>0.25 |
| 2. | करौली/हिण्डौन | हिण्डौन सिटी | 10231/3484 | 0.31 |
| 3. | करौली/हिण्डौन | हिण्डौन सिटी | 10230/3484,<br>10232/3502 | 0.31,<br>0.55 |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-2 किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-2 किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 21.09.2023 को जारी की गई।

आयुक्त
नगर परिषद, हिण्डौन



**कार्यालय नगर पालिका निवाई, जिला (टोंक)**

क्रमांक-न.पा.नि./भू.शा/2023-24/6761 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-22.09.2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा नगर पालिका नगरीय शहरी भूमि निस्पादन नियम 1974 के अन्तर्गत प्रताप नगर में स्थित भूखण्ड संख्या 11 क्षेत्रफल 25X50=138 वर्गगज का आवंटन श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री महेश कुमार वर्मा के नाम किया गया था, उक्त भूखण्ड मौके पर उपलब्ध नहीं होने के कारण स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर के पत्र क्रमांक प.7(ड)(भूमि)()डीएलबी/13/9809 दिनांक 26.08.2013 द्वारा समतुल्य आवंटन की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसकी पालना एवं नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर दिनांक 31.12.2021 के क्रम में निम्नानुसार भूखण्ड का आवंटन प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | पूर्व में आवंटित | | | प्रस्तावित आवंटित भूखण्ड का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भू.सं. | कॉलोनी का नाम | क्षेत्रफल | भू.सं. | कॉलोनी का नाम | क्षेत्रफल |
| 1 | श्री प्रवीण कुमार पुत्र श्री महेश कुमार वर्मा | 11 | प्रताप नगर | 138.38 वर्गगज | 173 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर | 138.38 वर्गगज |

उपरोक्त आवंटन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मयाद 07 दिवस में मय सबूत लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें बाद गुजरने मयाद (अवधि) पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व आवेदकों के पक्ष में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निवाई



**OFFICE OF THE PANCHAYAT SAMITI SAMBHAR LAKE (JAIPUR)**

S.NO. 2023-24/PSSBR/181-1/430 DATE 22.09.2023

**INVITATION OF E-TENDER YEAR 2023-24**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractor for **FOUR CONSTRUCTION WORK** estimated total cost of works Rs. 20.00 Lakhs..

Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in

**UBIN NO. ZJP2324WSOB01799 & ZJP2324WSOB01800**

**Tender ID: 2023_PRD_369170_1 & 2023_PRD_369400_1**

Block Development Officer
Panchayat Samiti Sambhar Lake


# पं. स. सदस्यों ने साधारण सभा का बहिष्कार किया

**पावटा**, (निसं)। पंचायत समिति सदस्य संघ पावटा की ओर से शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक का बहिष्कार किया गया।

मंजू धर्मपाल गुर्जर पंचायत समिति सदस्य संघ अध्यक्ष पावटा, उपप्रधान राजेंद्र सिंह टीटू, पंचायत समिति सदस्य ओमवती मुखराम धनकड़ ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों को मीटिंग का संसाधन समझते हैं केवल मीटिंग होती है जब याद करते हैं नहीं तो कोई बजट देनी में पूछते और नहीं किसी काम में पंचायत समिति सदस्य को नहीं पूछते अपनी मनमर्जी करते हैं इसलिए सभी सदस्यों ने मिलकर 22 सितबर को हुई पंचायत समिति पावटा की साधारण सभा की बैठक का बहिष्कार किया गया। उन्होंने बताया कि संघ की विभिन्न मांगों का निराकरण नहीं कराए जाने से पंचायत समिति सदस्य संघ की ओर से बहिष्कार किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सदस्य संघ ने 9 सूत्री मांगों को लेकर करीब एक साल से साधारण सभा का बहिष्कार कर रखा है। जब बजट देना होता है प्रधान और विकास अधिकारी अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए बजट को बांट देते हैं। किसी भी सदस्य को पूछा तक नही जाता हैं। पंचायत समिति में जितनी भी समितियां बनी हुई है जैसे कि प्रशासन स्थापना समिति शिक्षा समिति, वित्त समिति इनकी करीब एक साल से कोई बैठक नहीं हुई आज तक केवल कागजों में इन समितियां को बना रखा है। अपनी मनमर्जी से पंचायत समिति को चला रहे हैं तानाशाही कर रखी है। प्रधान और विकास अधिकारी इसमें सम्मिलित हैं। इसलिए सदस्य केवल साधारण सभा की मीटिंग की पूर्ति करने के लिए एक संसाधन बन गया।


**कार्यालय प्रधानाचार्य देवनारायण राजकीय बालक आवासीय विद्यालय गुडला ( करौली )**

क्रमांक: 2023/616 दिनांक: 22.09.2023

**खुली निविदा सूचना**

आवासीय विद्यालय देवनारायण राजकीय बालक आवासीय विद्यालयों जिला करौली में 280 विद्यार्थियों की क्षमता के आवासीय विद्यालयों में चपाती मेकिंग मशीन स्मार्ट इन्टरएक्टिव टीचिंग बोर्ड एवं स्टूल टेबल आदि की आवश्यकता के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | विवरण | अनु. राशि लाखों में | निविदा शुल्क (रू.) | प्रतिभूति राशि (रू.) | निविदा फॉर्म उपलब्ध दिनांक | निविदा फॉर्म जमा दिनांक | निविदा खोलने का समय | UBN |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चपाती मेकिंग मशीन | 6.00 per machine | 500 | 12000 | 22.09.2023 | निविदा खुलने की दिनांक से एक दिन पूर्व तक | 29.09.2023 दोपहर 2.00 बजे | SOC2324GSOB00163<br>SOC2324GSOB00165 |
| 2 | स्मार्ट इन्टरएक्टिव टीचिंग बोर्ड | 7.00 | 500 | 14000 | | | 29.09.2023 दोपहर 2.00 बजे | SOC2324GSOB00164<br>SOC2324GSOB00166 |
| 3 | स्टूल टेबल | 5.18 | 500 | 10360 | | | 29.09.2023 दोपहर 2.00 बजे | SOC2324GSOB00167 |

निविदा की विस्तृत शर्तें राज्य सरकार के SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।

( शिवचरण पोषवास )
प्रधानाचार्य